# University in News on 06 August 2024

## JAGRAN CITY PAGE III

### कैंसर के इलाज में एआइ की बढ़ेगी उपयोगिता

लखनऊ : लवि के भेषजिक विज्ञान संस्थान में सोमवार को एमिनेंट लेक्चर सीरीज के अंतर्गत अमेरिका की सेंट जोंस यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डा. सौरभ अग्रवाल ने कैंसर के इलाज के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित नए अप्रोचेस विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि कैंसर की दवा को बाजार में लाने के लिए सामान्यत: 20 से 50 साल तक का समय लगता है। इसलिए प्रिडिक्शन बेस्ड माडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपयोगी होता है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। (जासं)

### मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 12 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने पीएच.डी कोर्स वर्क की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी। विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के अनुसार कोर्स वर्क की परीक्षाएं 12, 13 व 14 अगस्त को दोपहर दो से तीन बजे तक होंगी। (जासं)

### हर घर तिरंगा अभियान 13 से

लखनऊ : स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर इस बार भी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। लवि के कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों के साथ-साथ डिग्री कालेजों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। उन्होंने अभियान आयोजित करने की सूचना भी लवि की ओर से नामित नोडल अधिकारी डा. अमरेंद्र कुमार को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। (जासं)

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# 24 की जगह अब 20 क्रेडिट का सेमेस्टर

### लविवि में स्नातक व परास्नातक के विद्यार्थियों पर कम होगा पढ़ाई का बोझ

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों पर पढ़ाई का बोझ कम होगा। उन्हें अतिरिक्त विषय सामग्री न पढ़ाकर चुनिंदा पाठ्य सामग्री ही पढ़ाई जाएगी। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रम में विद्यार्थी का सेमेस्टर 24 क्रेडिट की जगह 20 क्रेडिट करने का प्रावधान किया गया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 31 जुलाई को हुई विद्या परिषद की बैठक में स्नातक और परास्नातक के लिए नए अध्यादेश को मंजूरी दी गई है। बैठक में यूजी-पीजी के कोर्स को प्रति सेमेस्टर 24 की जगह 20 क्रेडिट कर दिया गया है। यह विद्यार्थियों को राहत देने वाला कदम है। लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने बताया कि सेमेस्टर को 24 की जगह 20 क्रेडिट करने का उद्देश्य विद्यार्थियों पर पड़ने वाले पढ़ाई के बोझ को कम करना है।

20 क्रेडिट का सेमेस्टर नेशनल ट्रेंड है और यह क्रेडिट ट्रांसफर की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। उन्होंने बताया कि 20 क्रेडिट का सेमेस्टर बनाना लविवि का निर्णय नहीं है बल्कि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देश पर किया गया है। यह सभी शिक्षण संस्थानों में लागू होना है, क्योंकि लखनऊ विश्वविद्यालय ने सबसे पहले एनईपी को लागू किया था, इसलिए यहां यह सबसे पहले हो रहा है। एकेडमिक काउंसिल में इसे मंजूरी मिल चुकी है।



#### चार क्रेडिट का होता है एक पेपर

लविवि में एनईपी के अंतर्गत सभी पाठ्यक्रमों में एक पेपर के लिए अधिकतम चार क्रेडिट और न्यूनतम दो क्रेडिट निर्धारित हैं। यानी विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में एक पेपर को 60 घंटे पढ़ना होगा। वहीं प्रैक्टिकल पेपर में यह संख्या ठीक दोगुनी हो जाती है।

#### नए विद्यार्थियों को चुनिंदा पाठ्य सामग्री पढ़ाने पर रहेगा जोर

#### यह है क्रेडिट सिस्टम

नई शिक्षा नीति (एनईपी) में क्रेडिट सिस्टम किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम को मापने का व्यवस्थित तरीका है। यह किसी विषय से संबंधित कार्यभार है जिसमें तय होता है कि छात्र को कितना अध्ययन करना है। उदाहरण के लिए एक विद्यार्थी को एक प्रणाली में 14 क्रेडिट हासिल करने के लिए प्रयोगशाला में 28 घंटे पूरे करने होते हैं। यहां दो घंटे के प्रैक्टिकल में उसे एक क्रेडिट दिया जाता है। लविवि की डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि ने बताया कि एक वर्षीय परास्नातक कोर्स में विद्यार्थी को 40 क्रेडिट पढ़ने होंगे, जबकि दो वर्ष के पीजी में 80 क्रेडिट। पहले दो वर्षीय पीजी 96 क्रेडिट का होता था। यूजीसी के मुताबिक, एक क्रेडिट में विद्यार्थी को 15 घंटे पढ़ना होता है और सेमेस्टर में 15 सप्ताह। विद्यार्थी कितने घंटे पढ़ाई करेगा यह क्रेडिट पर निर्भर होगा।

### शिया कॉलेज में स्नातक की आखिरी मेरिट जारी, 10 तक जमा करें फीस

लखनऊ। शिया पीजी कॉलेज ने सोमवार को स्नातक में प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत सूची देख सकते हैं। समस्या आने पर प्राचार्य कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रवक्ता डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिन पाठ्यक्रमों के लिए मेरिट जारी की गई, उनमें बीए, बीएससी बायो व बीकॉम पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रवेश समिति के निदेशक डॉ. मिर्जा मो. अबु तैय्यब ने बताया कि स्नातक कोर्स की मेरिट में शामिल अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर 10 अगस्त तक फीस जमा कर सकते हैं जो ऑनलाइन मोड में ही जमा होगी। (संवाद)

### पीजी के 12 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

लखनऊ। लविवि की केंद्रीय कैंपस प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सभी विज्ञान संकाय में परास्नातक के विद्यार्थी हैं। इनका चयन चेन्नई स्थित एलन कैरियर इंस्टीट्यूट में हुआ है। ये प्रशिक्षु संकाय पद पर काम करेंगे। इन्हें सालाना 3.6 लाख का भुगतान किया जाएगा। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप भारतीय व कुलपति प्रो. आलोक राय ने शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

### दिव्यांग विद्यार्थियों से मांगे आवेदन

लखनऊ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रजनीश किरन की ओर से दिव्यांगों से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, उच्च श्रेणी शिक्षा, राष्ट्रीय ओवरसीज छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय फेलोशिप व निशुल्क कोचिंग के लिए विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। वेबसाइट scholarships.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 4

### कैंसर के इलाज में एआई की उपयोगिता

एलयू के भैषजिक विज्ञान संस्थान में सोमवार को एमिनेंट लेक्चर सीरीज के अंतर्गत अमेरिका की सेंट जोंस यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डा. सौरभ अग्रवाल ने कैंसर के इलाज के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित नए अप्रोचेस विषय पर अपने विचार रखे. उन्होंने बताया कि कैंसर की दवा को बाजार में लाने के लिए सामान्यत: 20 से 50 साल तक का समय लगता है. इसलिए प्रिडिक्शन बेस्ड माडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपयोगी होता है. कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे.

### मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 12 अगस्त से

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी है. विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के अनुसार कोर्स वर्क की परीक्षाएं 12, 13 व 14 अगस्त को दोपहर दो से तीन बजे तक होंगी.

### 13 से 15 तक हर घर तिरंगा अभियान

स्वतंत्रता दिवस 2024 के अवसर पर इस बार भी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा. लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों के साथ-साथ डिग्री कालेजों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र जारी किया है.

## AMRIT VICHAR PAGE 6

### लविवि के 12 छात्रों का एलन कैरियर इंस्टीट्यूट में प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की ओर से रसायन विज्ञान विभाग में एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के सहयोग से कैंपस भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षु संकाय के पद के लिए 12 विज्ञान स्नातकोत्तर छात्रों का चयन हुआ। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप के. भारतीय ने बताया कि एलन कैरियर इंस्टीट्यूट ने अपने चेन्नई केंद्र में चयनित उम्मीदवारों को 3 .6 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया है। चयनित छात्रों में वनस्पति विज्ञान विभाग से सौरभ यादव और आयुषी चौहान, भौतिकी विभाग से नैन्सी सिंह और आदर्श पटेल, प्राणि विज्ञान विभाग से निधि जायसवाल, श्रेष्टि द्विवेदी, विजय कांत पटेल और अंशिका श्रीवास्तव, गणित विभाग से प्रकृति गुप्ता और रसायन विज्ञान विभाग से निकिता शर्मा, कृष्ण पाल और ऋतिक शर्मा शामिल हैं।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### छात्रों को बताई कैंसर के इलाज की बारीकियां

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भेषजिक विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व में एमिनेंट लेक्चर सीरीज के अंतर्गत अमेरिका की सेंट जोन्स यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता डॉ.सौरभ अग्रवाल ने कैंसर के इलाज के लिए आर्टीफिशिअल इंटेलिजेंस से सम्बंधित नए अप्रोचेस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि कैंसर की दवा को बाज़ार में लाने व बनाने के लिए सामान्यतः 20 से 50 साल तक का समय लगता है इसलिए प्रिडिक्शन बेस्ड मॉडल उपयोगी होता है। एनआईएच एवं दूसरी फंडिंग एजेंसी कैंसर की रिसर्च एवं रोकथाम के लिए रूचि रखते है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आपसी सहयोग के माध्यम से अध्ययन करने के लिए आमंत्रित किया।

### एलयू के 12 छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में रसायन विज्ञान विभाग में एलन कैरियर इंस्टीट्यूट के सहयोग से कैंपस भर्ती अभियान चलाया। जिसके परिणामस्वरूप प्रशिक्षु संकाय के पद के लिए 12 विज्ञान स्नातकोत्तर छात्रों का चयन हुआ। एलन कैरियर इंस्टीट्यूट ने अपने चेन्नई केंद्र में चयनित उम्मीदवारों को 3.6 लाख प्रति वर्ष का आकर्षक पैकेज दिया है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप के. भारतीय ने बताया कि चयनित छात्रों में वनस्पति विज्ञान विभाग से सौरभ यादव और आयुषी चौहान, भौतिकी विभाग से नैन्सी सिंह और आदर्श पटेल, प्राणि विज्ञान विभाग से निधि जायसवाल, श्रेष्टि द्विवेदी, विजय कांत पटेल और अंशिका श्रीवास्तव, गणित विभाग से प्रकृति गुप्ता और रसायन विज्ञान विभाग से निकिता शर्मा, कृष्ण पाल और ऋतिक शर्मा शामिल हैं। यह सफल सहयोग छात्रों के लिए उत्कृष्ट कैरियर के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है तथा छात्रों के कैरियर को पोषित करने और आगे बढ़ने में लविवि की भूमिका को सुदृढ़ करता है।

## TOI PAGE 2

# LU frames norms for UG, PG lateral entry

### Students From A+ And Above Instts Eligible

Times News Network

Lucknow: The Lucknow University, which is set to become the first university in the country to offer students multiple and multiple exit options under National Education Policy (NEP) 2020, has framed its rules for admissions to its UG and PG courses through lateral entry.

As per the rules, only students of universities and colleges with A+ or above National Assessment Accreditation Council (NAAC) grade can take admission into undergraduate and postgraduate courses of Lucknow University and its affiliated colleges through lateral entry.

The rule, however, will not be applicable on students of LU affiliated colleges.

Also, LU will be responsible for admissions via lateral entry to all programs run on the university campus as well as associated/affiliated colleges.

LU will publish vacant seats available in all programs on the university campus and associated/affiliated colleges in semester 3, semester 5, and semester 7 of four-year undergraduate programmes (NEP 2020) and semester 3 of two-year postgraduate programmes (NEP 2020).

There will be an intra-university and inter-university lateral entry into UG and PG programmes.

"While we have already introduced multiple exits from this academic session, from this session we will be offering student lateral entry in any year after the first year of the UG or PG course," said LU vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said that there are two types of lateral entry: intra and inter-university. Under intra-university lateral entry into UG and PG programmes, students from govt degree colleges, govt aided colleges, or self-finance colleges that are associated/affiliated with LU can also opt to seek lateral entry to the university campus, other govt degree colleges, and govt-aided colleges associated/affiliated with LU.

He said all students enrolled with LU and moving to different colleges within LU will have to re-register as per the rules laid by the university admission cell. Students seeking admission from other colleges of LU shall furnish a character certificate and personal affidavit regarding no enquiries pending or disciplinary action pending or instituted against him/her at the time of admission.

"Under inter-university, students from other universities can also seek lateral entry to university campuses, govt degree colleges, govt-aided colleges, or self-finance colleges associated/affiliated with LU," said dean academics Prof Geetanjali Mishra.

She said that students from other universities and HEIs seeking admission in UG degrees should have been enrolled in a university or HEI having a NAAC grade of A+ and above/equivalent, and been enrolled in a four-year undergraduate program, a minimum of 20 credits per semester as defined by the UGC.

#### NEW GUIDELINES

- If students get admitted in diploma, UG degree, UG honours with a research degree, or PG degree, LU will award marksheets & degrees to lateral entry candidates
- Final mark sheets with CGPA shall be prepared after the inclusion of SGPAs of previous yrs completed in previous institutions
- In case of any deviation from LU standards, normalisation should be done at LU level as per its rules